# कुरजाँ

## ई–बुलेटिन

(फरवरी 2025 से सितम्बर 2025)



सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता 06



स्वर्ण गौरव सम्मान समारोह का आयोजन 12



79 वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह 15


श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त

# मित्तल महिला महाविद्यालय

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर से सम्बद्ध एवं यूजीसी से मान्यता प्राप्त (2f) & (12B)

सरदारशहर-331403, जिला-चूरू (राज.)

Contact.:-01564-220200, 9461813058, 8655663619/20



ANIL PRINTERS # 9694669466

# INDEX



| क्र.सं. | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | कृषि विज्ञान केन्द्र का भ्रमण | 03 |
| 2 | कविता पाठ प्रतियोगिता | 04 |
| 3 | टी.बी. उन्मूलन एवं निराकरण जागरूकता कार्यक्रम | 05 |
| 4 | सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता | 06 |
| 5 | वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह | 07 |
| 6 | विदाई समारोह का आयोजन | 09 |
| 7 | पर्सनॅलिटी डवलपमेंट कार्यक्रम | 10 |
| 8 | कार्यशाला का आयोजन | 11 |
| 9 | स्वर्ण गौरव सम्मान समारोह का आयोजन | 12 |
| 10 | स्लोगन पोस्टर प्रतियोगिता | 13 |
| 11 | हर घर तिरंगा अभियान, हरियालो राजस्थान अभियान और कलश सजाओ प्रतियोगिता | 14 |
| 12 | 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह | 15 |
| 13 | राष्ट्रीय सेवा योजना का आमुखीकरण कार्यक्रम | 16 |
| 14 | अन्तर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता–2025 | 17 |
| 15 | डांडिया महोत्सव | 18 |

# कृषि विज्ञान केन्द्र का भ्रमण





दिनांक 01.02.2025

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने गंगानगर रोड़ स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र का भ्रमण किया। महाविद्यालय की सहायक आचार्य डॉ. सरोज चाहर, डॉ. मीनाक्षी तंवर, श्री सज्जन कुमार मोयल तथा सुश्री पूजा शर्मा के नेतृत्व में छात्राओं के दल ने कृषि विज्ञान केन्द्र का शैक्षणिक भ्रमण कर विभिन्न सूक्ष्म जानकारियां प्राप्त की।

छात्राओं के दल में विज्ञान तथा भूगोल की छात्राएं सम्मिलित थी। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वी.के. सैनी तथा डॉ. हरफूल ने वर्मी कम्पोस्ट बनाने की विधि बताई।

उन्होंने छात्राओं को हाइब्रिड खेती व पेड़-पौधो के बारे में समझाया। उन्होंने कम सिंचाई में उत्तम फसलों के लाभ के बारे में भी जानकारियां साझा करते हुए सर्दी व गर्मी में पेड़-पौधों के रख-रखाव के उपायों के बारे में भी बताया। छात्राओं ने सम्पूर्ण केन्द्र का भ्रमण कर वहाँ लगे हुए पेड़ पौधों के विषय में व्यापक ज्ञान अर्जित कर बागवानी के गुण भी सीखे।

# कविता पाठ प्रतियोगिता





दिनांक 06.02.2025

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में हिन्दी कविता पाठ व अंग्रेजी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की अनेक छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मृत्युंजय कुमार पारीक ने परिणाम घोषित कर सभी विजेता छात्राओं को बधाई दी।

हिन्दी कविता पाठ में प्रथम स्थान प्रीति जांगिड़ बी.एससी. बी.एड. चतुर्थ वर्ष, द्वितीय स्थान आरजू बेनिवाल बी.ए. तृतीय वर्ष तथा तृतीय स्थान निहारिका शर्मा बी.ए. प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। अंग्रेजी कविता पाठ में प्रथम स्थान प्रीति जांगिड़ बी.एससी. बी.एड. चतुर्थ वर्ष, द्वितीय स्थान सौम्या शर्मा बी.कॉम. प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान छवि शर्मा बी.ए. बी.एड. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में श्री सुदर्शन गोयल, श्रीमती हर्षा सोनी, श्री रवि कुमार शर्मा, श्री अश्विनी शर्मा, श्रीमती सोनिका प्रजापत व सुश्री प्रीति झांकल सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्रा सृष्टि सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय स्टाफ व छात्राएं उपस्थित थी।

# टी.बी. उन्मूलन एवं निराकरण जागरूकता कार्यक्रम



दिनांक 11.02.2025

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों, रेड रिबन क्लब तथा वूमन सैल के संयुक्त तत्वावधान में टी.बी. उन्मूलन एवं निराकरण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर राजकीय अस्पताल के बी.सी.एम.एच.ओ. डॉ. विकास सोनी ने टी.बी. के लक्षण एवं उपचार की जानकारी दी। टी.बी. परामर्शदाता श्री रामनिवास सारण ने टी.बी. उन्मूलन के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इससे पूर्व महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने अतिथियों का स्वागत किया। एन.एस.एस. प्रभारी श्री सुदर्शन गोयल तथा सहायक आचार्य सुश्री रीना वर्मा ने स्मृति चिह्न भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन द्वितीय इकाई प्रभारी डॉ. सरोज चाहर ने किया।

# सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता







दिनांक 11.02.2025

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की अनेक छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने परिणाम घोषित कर सभी विजेता छात्राओं को बधाई दी। जिसमें प्रथम स्थान कृतिका ग्रुप, द्वितीय स्थान आस्था ग्रुप तथा तृतीय स्थान डांसिग दिवाज ग्रुप ने प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में श्री सुनील खत्री, डॉ. रश्मि गौड़ व सुश्री पूजा शर्मा की भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन बी.कॉम. प्रथम वर्ष की छात्रा सृष्टि सोनी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में समस्त महाविद्यालय स्टाफ व छात्राएं उपस्थित थी।




# वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह

दिनांक 21.02.2025

श्रीमती कमलादेवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास पूर्वक आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के अतिरिक्त कुलसचिव डॉ0 बिठ्ठल बिस्सा थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता मित्तल ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री सुरेश जी मित्तल ने की। समारोह के विशिष्ट अतिथि राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री श्री राजकुमार रिणवां, सरदारशहर नगरपरिषद के सभापति श्री राजकरण चौधरी तथा महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष श्री बृजमोहन सर्राफ थे।

इस अवसर पर महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के अतिरिक्त कुलसचिव डॉ0 बिठ्ठल बिस्सा ने नारी शिक्षा की उपयोगिता बताते हुए छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने उद्देश्यों का सही निर्धारण कर पूर्ण निश्चय के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य युवा शक्ति के हाथों में है। आप अपनी शक्ति का उपयोग सही दिशा में करें तथा सोशल मीडिया का सही उपयोग करें उन्होंने सिविल सर्विस क्षेत्र में भी आगे बढ़ने हेतु छात्राओं से आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि श्री राजकुमार रिणवां ने नारी शक्ति के महत्व को समझाते हुए अपने भविष्य के प्रति सतर्क रहने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि श्री राजकरण चौधरी ने वर्तमान में नारी शिक्षा को सशक्त बनाने पर बल दिया।

इससे पूर्व समारोह का उद्घाटन अतिरिक्त कुलसचिव




डॉ0 बिट्ठल बिस्सा, श्री राजकुमार रिणवां , श्री राजकरण चौधरी, श्री सुरेश जी मित्तल, श्रीमती सरला मित्तल, श्रीमती सुमन डागा, श्री बृजमोहन सर्राफ, श्रीमती सपना लूणिया, प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक व जी.डी. मित्तल स्कूल के प्रधानाचार्य श्री रमाकान्त शर्मा ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने अतिथियों का स्वागत कर महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रतिभाशाली एवं सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। समारोह में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी। महाविद्यालय प्रबन्ध समिति सचिव एवं मित्तल चेरिटीज, मुम्बई के ट्रस्टी श्री सुरेश जी मित्तल ने महाविद्यालय में सिविल सर्विस की तैयारी हेतु कोचिंग उपलब्ध करवाने तथा रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करने के लिए सहमति दी। सहायक आचार्य श्री सुदर्शन गोयल ने उपस्थित अतिथियों का आभार प्रकट किया। अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत गृह विज्ञान की व्याख्याता श्रीमती अनिता सैन के निर्देशन में छात्राओं ने आर्ट एण्ड क्राफ्ट की प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्राओं ने हाथ से बनी विभिन्न कलाकृतियों का भव्य प्रदर्शन किया। इस अवसर पर श्री सज्जन कुमार मित्तल, श्री छगनलाल सेवदा, श्री शोभाकान्त स्वामी, श्री श्यामजी मित्तल, सहित सरदारशहर की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के संचालक एवं प्राचार्य, गणमान्य नागरिक, महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्राऐं एवं अभिभावक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य सुश्री रीना वर्मा तथा श्री अश्विनी कुमार शर्मा ने किया।

# विदाई समारोह का आयोजन



दिनांक 22.02.2025

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मित्तल चेरीटीज मुम्बई के ट्रस्टी श्री सुरेश मित्तल थे। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री सुरेश मित्तल, श्रीमती सरला मित्तल तथा प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने किया। इस अवसर पर डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने कहा कि छात्राएं पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए महाविद्यालय व समाज का नाम रोशन करें।

मित्तल चेरीटीज, मुम्बई के ट्रस्टी व महाविद्यालय प्रबन्ध समिति सचिव श्री सुरेश मित्तल ने अपने उदबोधन में छात्राओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने अतिथियों का स्वागत कर स्मृति चिह्न भेंट किये। इस अवसर पर मिस फेयरवेल का चयन किया गया, जिसकी विजेता बी.एससी. बी.एड. चतुर्थ वर्ष की छात्रा प्रीति जांगिड़ रही। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य सुश्री रीना वर्मा ने किया। छात्राओं ने समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियाँ दी। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय स्टाफ व छात्राएं उपस्थित थी।

# ‘पर्सनॅलिटी डवलपमेंट’ कार्यक्रम



दिनांक 28.02.2025

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में आईक्यूएसी के तत्वावधान में ‘पर्सनॅलिटी डवलपमेंट’ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने किया।

कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर तथा सॉफ्ट स्किल ट्रेनर सुश्री निहारिका सिंघवी ने छात्राओं को स्मार्टफोन की ऐप्लिकेशन्स के माध्यम से स्मार्ट बनने के तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को समय प्रबन्धन, नियमित एक्सरसाइज व मेडिटेशन, प्रजेन्टेशन डिस्प्ले आदि के विषय में भी जागरूक किया। इस अवसर पर छात्राओं के प्रश्नों का उत्तर भी उन्होंने दिया। कार्यक्रम संचालन सहायक आचार्य डॉ0 सरोज चाहर ने किया। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय स्टाफ तथा छात्राएं सम्मिलित थी।

# कार्यशाला का आयोजन

दिनांक 06.08.2025

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) की ओर से श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में 'नीति से परिवर्तन तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में एस.बी.डी. राजकीय महाविद्यालय की सहायक आचार्य डॉ0 सिद्धि गुप्ता ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। एस.बी.डी. राजकीय महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ0 भवानी शंकर बोहरा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने इसके माध्यम से 2047 तक विकसित भारत अभियान में सभी की सहभागिता का आह्वान किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक, डॉ0 सिद्धि गुप्ता तथा डॉ0 भवानी शंकर बोहरा ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। महाविद्यालय प्राचार्य ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य श्री सुनील खत्री ने किया। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रही।



# स्वर्ण गौरव सम्मान समारोह का आयोजन




दिनांक 07.08.2025

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में 'स्वर्ण गौरव सम्मान समारोह' आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय की बी.कॉम. की छात्रा अवधेश कंवर राठौड़ तथा बी.ए. बी.एड. की छात्रा अन्नपूर्णा को महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय परीक्षा में ''सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में माला एवं साफा पहनाकर, तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने बताया कि इन छात्राओं को विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षान्त समारोह में स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने बताया कि यह सुअवसर छात्राओं के नियमित अध्ययन व व्याख्यातागण के कुशल मार्गदर्शन से सम्भव हो पाया। मित्तल महिला महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम., बी.ए.बी.एड. व बी.एससी. बी.एड. आदि 5 पाठ्यक्रम संचालित है। इनमें से दो पाठ्यक्रमों में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर महाविद्यालय सचिव एवं ट्रस्टी श्री सुरेश मित्तल एवं ट्रस्टी श्री किशन मित्तल द्वारा छात्राओं एवं व्याख्यातागण को शुभकामनाएं प्रेषित की।

कार्यक्रम में टॉपर छात्राओं ने, अभिभावकों ने तथा महाविद्यालय स्टाफ ने विचार व्यक्त करते हुए हर्ष प्रकट किया एवं वर्तमान अध्ययनरत छात्राओं को इन्हें आदर्श बनाकर प्रेरणा लेने का आग्रह किया। प्राचार्य महोदय डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर छात्राओं के अभिभावकगण, महाविद्यालय व्याख्यातागण एवं छात्राएं उपस्थित थी तथा कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य श्री सुनील खत्री ने किया।

# स्लोगन पोस्टर प्रतियोगिता



दिनांक 12.08.2025

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में पुस्तकालय विज्ञान के जनक प्रो0 एस0 आर0 रंगनाथन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य मे स्लोगन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता मे महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमे प्रथम स्थान कृष्णा सैनी बी.ए. सैमेस्टर द्वितीय, द्वितीय स्थान सोनू जांगिड़ बी.ए. सैमेस्टर द्वितीय तथा तृतीय स्थान हर्षिता बी.ए. सैमेस्टर द्वितीय ने प्राप्त किया। इस अवसर पर विजेता छात्राओं को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक, सहायक आचार्य श्री सुदर्शन गोयल तथा श्रीमती रीना वर्मा ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल मे श्रीमती रीना वर्मा, श्री कमलकान्त सुथार तथा श्री रवि कुमार शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर सहायक आचार्य श्री सुदर्शन गोयल तथा डॉ0 सरोज चाहर ने पुस्तकालय की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता का संचालन पुस्कालयाध्यक्ष श्रीमती मंजू स्वामी के निर्देशन मे सम्पन हुआ।

# हर घर तिरंगा अभियान, हरियालो राजस्थान अभियान और कलश सजाओ प्रतियोगिता

दिनांक 14.08.2025

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में एन.एस.एस. की दोनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत मानव शृंखला के माध्यम से सम्पूर्ण भारत वर्ष का मानचित्र निर्मित कर एकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने छात्राओं से सम्पूर्ण भारत वर्ष को एकजुट रखने मे अपना सहयोग देने का आह्वान किया।

इस प्रकार 'हरियालो राजस्थान अभियान' के तहत् महाविद्यालय में पौध रोपण कर छात्राओं को वृक्ष संरक्षण व रख-रखाव की शपथ दिलाई। एन.एस.एस. प्रभारी डॉ0 सरोज चाहर व श्री चन्द्रप्रकाश मूनपुरिया के निर्देशन में सम्पन्न दोनो कार्यक्रमों में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। इस दौरान महाविद्यालय में आईक्यूएसी के तत्वावधान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में 'कलश सजाओ प्रतियोगिता' का भी आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने बताया कि प्रथम स्थान पर सोनु जांगिड़, बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर दिव्यांशी सोनी, बी.कॉम. द्वितीय सेमेस्टर व रितिका जैसनसरिया, बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर तथा तृतीय स्थान पर भूमिका पारीक, बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर रही। प्रतियोगिता में श्रीमती हर्षा सोनी, डॉ0 मीनाक्षी व डॉ0 मीना शेखावत ने निर्णायक मण्डल की भूमिका निभाई। सहायक आचार्य श्री भागीरथ अमरोया ने मानव शृंखला बनाने में महती भूमिका निभाई। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।








# 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह

दिनांक 15.08.2025

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय तथा जी डी मित्तल स्कूल में 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष श्री बृजमोहन सर्राफ, विशिष्ट अतिथि डॉ0 अनिल भाकर, श्री गोपाल सोनी, श्री श्याम मित्तल, मित्तल महाविद्यालय के सहायक आर्चाय सुदर्शन गोयल, जी डी मित्तल स्कूल के प्रधानाचार्य श्री रमाकांत शर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विद्यालय तथा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने देश भक्ति गीतों के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी। समारोह मे महाविद्यालय व विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय सेवा योजना का आमुखीकरण कार्यक्रम

दिनांक 01.09.2025

श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों का आमुखीकरण कार्यक्रम एवं एकदिवसीय शिविर महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सेवा व व्यक्तित्व विकास के लिए एनएसएस सशक्त माध्यम है। इससे जुड़कर हम समाज में अपनी सहभागिता निभा सकते हैं। सहायक आचार्य श्री सुदर्शन गोयल ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से हमें सेवा व परोपकार का अवसर मिलता है। हमें पूर्ण निष्ठा व संकल्प के साथ एनएसएस के कार्यों में भागीदारी निभानी चाहिए। एनएसएस की प्रथम इकाई प्रभारी डॉ0 सरोज चाहर ने एनएसएस के कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत कर इसका महत्व समझाया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस की द्वितीय इकाई प्रभारी श्री चन्द्रप्रकाश मूनपुरिया ने किया। इस अवसर पर एनएसएस की स्वंयसेविकाओं ने श्रमदान कर महाविद्यालय परिसर की साफ–सफाई की। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित थी।



# अन्तर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता-2025

दिनांक 04.09.2025




श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की अन्तर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता–2025 (महिला वर्ग) आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में एकल वर्ग मे 10 प्रतिभागी तथा टीम वर्ग मे विभिन्न महाविद्यालयों की 5 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मित्तल महिला महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव श्री सुरेश मित्तल, मुख्य अतिथि श्री प्रहलाद सर्राफ, श्री महेश पंसारी, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक तथा जी.डी. मित्तल स्कूल प्रधानाचार्य श्री रमाकान्त शर्मा ने किया।

टीम वर्ग के अन्तर्गत श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय, सरदारशहर, राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर, एस.बी.डी. राजकीय महाविद्यालय, सरदारशहर, एम.डी. कॉलेज, पल्लु तथा सोना देवी सेठिया कन्या महाविद्यालय, सुजानगढ़ की टीमों ने भाग लिया। इसमें श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय, सरदारशहर की टीम विजेता व राजकीय डूंगर महाविद्यालय की टीम उपविजेता रही। मित्तल महाविद्यालय की टीम में दिव्या पारीक, हर्षिता जांगिड़, मोनिका मूण्ड, गार्गी शर्मा तथा कृष्णा सोनी सम्मिलित थी।

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की ओर से ऑब्जर्वर के रूप में श्री द्वारका प्रसाद छींपा, नॉमिनी के रूप में श्री हितेन्द्र मारू तथा रैफरी के रूप में भानू प्रकाश आचार्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने मे महाविद्यालय खेल प्रभारी श्रीमती प्रियंका पूर्वा व सह प्रभारी श्री राजेश गोयल की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय स्टाफ व छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की सहायक आचार्य श्रीमती रीना वर्मा ने किया।

# डांडिया महोत्सव

दिनांक 28.09.2025





श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में डांडिया महोत्सव बडे.धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष श्री महेश पंसारी, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक तथा जी. डी. मित्तल स्कूल के प्रधानाध्यापक श्री रमाकान्त शर्मा ने माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में बेस्ट कॉस्ट्यूम प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक ने परिणाम की घोषणा की जिसमें प्रथम स्थान मुस्कान सोनी बी.कॉम. चतुर्थ सेमेस्टर, द्वितीय स्थान अंजलि सोनी बी.कॉम. चतुर्थ सेमेस्टर तथा तृतीय स्थान अंशिका पारीक बी.ए. बी.एड. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। कार्यक्रम मे समस्त महाविद्यालय स्टाफ व छात्राएं उपस्थित रही तथा संचालन श्रीमती रीना वर्मा ने किया।

# COLLEGE TOPPERS

## B.A. Overall Result 2025

**Rank-I**



PRIYANKA PAREEK
D/o. : Dinesh Sharma
76.78%

**Rank-II**



KOMAL JAIN
D/o. : Rajendra jain
73.44%

**Rank-III**



CHANCHAL RAJPUT
D/o. : Vijay Singh
71.72%

## B.Com. Overall Result 2025

**Rank-I**



HARSHITA KARNANI
D/o. : Mahesh Kumar Karnani
75.94%

**Rank-II**



PRIYANKA SONI
D/o. : Arun Soni
71.38%

**Rank-III**



MUSKAN PAREEK
D/o. :Sanwarmal Pareek
68.50%

## B.Sc. Overall Result 2025

**Rank-I**



PALAK SAINI
D/o. : Kanhaiya Lal
85.83%

**Rank-II**



KOSHLYA
D/o. : Mahendra Singh
83.55%

**Rank-III**



SARITA DUDI
D/o. : Devkaran Dudi
81.72%

# COLLEGE TOPPERS

## M.A. (Geography) Overall Result 2025

**Rank-I**



**VANDANA PUROHIT**
D/o. : Sumer Singh
**80.80%**

**Rank-II**



**SHRUTI**
D/o. : Sunil Kumar
**77.30%**

**Rank-III**



**POOJA PAREEK**
D/o. : Sukhdeva Pareek
**77.00%**

## B.A. B.Ed. Overall Result 2025

**Rank-I**



**ARUNA PANDIA**
D/o. : Ratan Lal Pandia
**87.94%**

**Rank-II**



**SAROJ KARWASARA**
D/o. : Devilal
**86.24%**

**Rank-III**



**SUMAN**
D/o. :Hansraj Nai
**86.14%**

## B.Sc. B.Ed. Overall Result 2025

**Rank-I**



**KUSUM BOCHIWAL**
D/o. : Ghanshyam Bochiwal
**90.53%**

**Rank-II**



**NIRMALA**
D/o. : Om Prakash
**89.69%**

**Rank-III**



**ANJALI PAREEK**
D/o. : Kishan Lal Pareek
**88.41%**

# UNIVERSITY GOLD MEDALIST 2024



## Annapurna

D/o. Bhanwarlal

**B.A. B.Ed.-2024**

## Avdhesh Kanwar Rathore

D/o. Ranveer Singh Rathore

**B.Com.-2024**



## Contact Details:-

Smt. Kamla Devi Gauridutt Mittal MahilaMahavidyalaya

Sardarshahar –331403

Distt. Churu, State: Rajasthan

Phone : 01564-220200

**Principal Mobile:- 9461213058, 8655663620**

**College office Mobile :- 8655663619**

**Email: - officekdgd@gmail.com**

**Website: -**https://mgcsrdr.com

**Facebook: -**https://www.facebook.com/mittal.mahavidyalaya

**YouTube: -**https://www.youtube.com/channel/UCvu2UNVDyXSM7tD3H-mM5DA

**Instagram:-**https://www.instagram.com/mittalmahavidyalaya/

**Whatsapp:- 8655663619**

# श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय

Since-1981

B++ NAAC

(Approved by NCTE & DCE Raj. Affiliated to M.G.S.U. and Recognized by UGC Under 2f & 12 B)

ताल मैदान, सरदारशहर-331403 (चूरू) राज.

## Courses Offered

| | | |
|---|---|---|
| B.A. | B.Com. | B.Sc. Maths/Bio |
| M.A. Geography | M.Com. ABST | M.Sc. Chemistry |
| PGDCA | B.A. B.Ed. | B.Sc. B.Ed. |
| CCC | RS-CIT | TALLY |

## स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के साथ प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी

- UPSC/ RPSC
- SSC-CGL
- RSMSSB EXAMS
- बैंक क्लर्क / बैंक पी. ओ.
- CET (Common Eligibility Test)
- लेखापाल
- राज. पुलिस
- पटवार
- अन्य प्रतियोगी परिक्षाएं
- NET (Geography & Chemistry)

## सभी प्रतियोगी परिक्षाओं हेतु उपयोगी कक्षाएं

- राजस्थान सामान्य ज्ञान
- करंट अफेयर्स
- Maths / Reasoning
- English/ Hindi
- पर्सनेलिटी डेवलपमेन्ट
- कम्प्यूटर
- हिन्दी व अंग्रेजी टाइपिंग

प्रवेश हेतु सम्पर्क करें

**Ph. 01564-220200, 9660294723, 9461985738, 7976727211**

www.Mgcsrdr.com officekdgd@gmail.com




44 वर्षों से महिला शिक्षा को समर्पित शिक्षण संस्थान

महाविद्यालय को नैक एक्रिडिटेशन में बी++ ग्रेड

Since-1981

# श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त
# मित्तल महिला महाविद्यालय

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर से सम्बद्ध एवं यूजीसी से मान्यता प्राप्त (2f/12b)

सरदारशहर-331403, जिला-चूरू (राज.)

ACCREDITED WITH GRADE B++ NAAC

## महाविद्यालय में सुविधाएं

- यूजीसी द्वारा निर्धारित योग्यताधारी स्टाफ।
- शहर के मध्य स्थित आधुनिक संसाधनों से युक्त महाविद्यालय भवन।
- पूर्ण संसाधनों से युक्त प्रयोगशालाएं।
- सीसीटीवी कैमरे युक्त महाविद्यालय कैम्पस।
- प्रतिवर्ष छात्राओं का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम।
- N.S.S., Scout, Red Ribbon एवं स्पोर्ट्स की सुविधा।
- सर्वांगीण विकास के लिए सह पाठयक्रम गतिविधियां।
- कम फीस में बेहतर शिक्षा।
- समृद्ध पुस्तकालय-वाचनालय एवं बुक बैंक।

## UG COURSES

B.A. | B.Com. | B.Sc. (BIO/MATHS)

## PG COURSES

M.A. (GEOGRAPHY) | M.Com. (ABST) | M.Sc. (CHEMISTRY)

## COMPUTER COURSES

RS-CIT | CCC | TALLY

PGDCA (1 YEAR DIMPLOMA COURSE)

RKCL DIPLOMA COURSES

## विशिष्ट सुविधाएं जो महाविद्यालय को बनाती है एक उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान








- सरकारी एवं निजी संस्थाओं द्वारा छात्रवृत्ति एवं बुक बैंक से पुस्तकों की सुविधा
- स्पोकन इंग्लिश, कम्पीटिशन एक्जाम क्लासेज व पर्सनेलिटी डेवलपमेंट क्लासेज
- RS-CIT कोर्स में महाविद्यालय की नियमित छात्राओं को विशेष छूट
- मित्तल चिकित्सालय में छात्राओं व अभिभावकों को परामर्श एवं उपचार में 10% से 100% छूट
- प्लेसमेंट सेल द्वारा मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

B.A. B.Ed. व B.Sc. B. Ed. की छात्राएं काउंसलिंग में मित्तल कॉलेज का चयन करके नियमित कक्षाओं का लाभ उठायें।

www.mgcsrdr.com | Email: officekdgd@gmail.com | /mittal.mahaviyalaya

@CollegeMittal | mittal.mahavidyalaya | Mittal Girls College

Ph.:-01564-220200

Mob.: 94619 85738, 7976727211, 9660294723

ANIL PRINTERS # 96 9466 9466

**44 वर्षों से महिला शिक्षा को समर्पित शिक्षण संस्थान**

महाविद्यालय को नैक एक्रिडिटेशन में बी++ ग्रेड

ACCREDITED WITH GRADE B++ NAAC

# श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय

Since-1981

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर से सम्बद्ध एवं यूजीसी से मान्यता प्राप्त (2f/12b)

सरदारशहर-331403, जिला-चूरू (राज.)

## महाविद्यालय में सुविधाएं

- सरदारशहर का एकमात्र इंटीग्रेटेड बी.एड. महिला महाविद्यालय।
- यूजीसी व एनसीटीई द्वारा निर्धारित योग्यताधारी व अनुभवी स्टाफ।
- दोहरी उपाधि के साथ व्यक्तित्व एवं कौशल विकास।
- आधुनिक सुविधायुक्त कक्षा-कक्ष, प्रयोगशाला, पुस्तकालय व वाचनालय।
- बुक बैंक द्वारा जरुरतमंद छात्राओं को पुस्तकों की सुविधा।
- सरकारी योजना के अनुसार छात्रवृत्ति सुविधा।
- कैफेटेरिया व वाई-फाई सुविधा युक्त परिसर।
- पाठ्यक्रमानुसार शैक्षणिक व सह शैक्षणिक गतिविधियां।
- ITEP (Integrated Teacher Education Program) के लिए पंजीकृत संस्था।
- नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार शिक्षण कौशल का विकास।

## INTEGRATED COURSES

**B.A. B.Ed. | B.Sc. B.Ed.**

4 वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स

(College Code : 410W020)

**NCTE से मान्यता प्राप्त**

**रोजगारपरक पाठ्यक्रम**

**PTET काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश**

**PTET काउंसलिंग में मित्तल कॉलेज का चयन करके मित्तल महिला महाविद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित करें एवं महाविद्यालय की सुविधाओं व नियमित कक्षाओं का लाभ लेवें।**

## मित्तल महिला महाविद्यालय की विशिष्ट उपलब्धि - नैक एक्रिडिटेशन में बी++ ग्रेड

मित्तल महिला महाविद्यालय राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नेक) से बी++ ग्रेड प्राप्त करने वाला संभाग का पहला निजी महाविद्यालय है। इस उपलब्धि के साथ महाविद्यालय राज्य के प्रमुख महाविद्यालयों की सूची में शामिल हो गया है।

यह ग्रेड महाविद्यालय के शैक्षणिक संसाधनो, भौतिक संसाधनों, परिक्षा परिणाम, रिसर्च गतिविधियां, टीचिंग मैथर्ड व सह शैक्षणिक गतिविधियां एवं फीडबैक के आधार पर निर्धारित होती है।

नैक पीयर टीम विजिट




राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद

NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL

Certificate of Accreditation

The Executive Committee of the National Assessment and Accreditation Council is pleased to declare Smt. Kamla Devi Gauridutt Mittal Mahila Mahavidyalaya Tal Maidan Sardarshahar, Churu, affiliated to Maharaja Ganga Singh University, Rajasthan as Accredited with CGPA of 2.82 on four point scale at B++ grade valid up to December 14, 2028

Date : December 15, 2023

Director

www.mgcsrdr.com Email: officekdgd@gmail.com /mittal.mahaviyalaya @CollegeMittal mittal.mahavidyalaya Mittal Girls College

Ph.:-01564-220200

Mob.: 94619 85738, 7976727211, 9660294723

ANIL PRINTERS # 96 9466 9466